# फीस जमा न करना पड़े, इसलिए छात्र का करा दिया अपहरण

## पुलिस ने गंभीरता से विवेचना कर अपहरण का किया पर्दाफाश

**शहडोल देशबन्धु।** पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया में कौवा कान ले गया की तर्ज पर एक खबर तेजी से वायरल हो रही थी। इस खबर का मजनून यह था, की फीस न जमा करने पर स्कूल प्रबंधन ने छात्र को डांटा जिसके बाद छात्र गायब हो गया। यह भी दावा किया जा रहा था की छात्र का अपहरण हो गया है। यह मामला ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित एक स्कूल से जुड़ा है, लेकिन शहडोल के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन और ब्यौहारी थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जब इस पूरे मामले की बारीकी से तफ्शीस की तो इस पूरी खबर की हवा निकल गई। पुलिस की विवेचना में यह बात सामने आई की स्कूल प्रबंधन पर दबाव बनाने के उद्देश्य से छात्र के अपहरण की झूठी रिपोर्ट उसके परिजनों ने थाने में दर्ज कराई थी। इतना ही नहीं इस साजिश के सूत्रधार छात्र के मां और मामा हैं।

इस पूरे घटनाक्रम के संबंध में मिली विस्तृत जानकारी के अनुसार ब्यौहारी निवासी श्रीमती गीता (परिवर्तित नाम) ने 22 अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरा लड़का वंश (परिवर्तित नाम) उम्र 11 वर्ष 09 माह एक निजी स्कूल ड्रीम वैली पब्लिक स्कूल में कक्षा 6वीं में पढ़ता है। वह सुबह पढ़ने के लिये स्कूल गया था। दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने के बाद मेरा लड़का काफी देर तक घर वापस नही आया। तब लड़के की तलाश आस



पास मोहल्ले, कस्बा ब्यौहारी एवं रिश्तेदारी में फोन लगाकर की गई है लेकिन लड़के का कोई पता नहीं चल रहा है। फरियादिया की रिपोर्ट पर ब्यौहारी पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया। मामला चूंकि 11 वर्ष के बालक के अपहरण से संबंधित था, इसलिए पूरे मामले को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शहडोल जिले के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने थाना प्रभारी ब्यौहारी निरीक्षक अरुण पाण्डेय को विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। ब्यौहारी के तेज तर्रार थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने अपहृत बालक की दस्तयाबी और प्रकरण की विवेचना के लिए 03 अलग-अलग टीमें गठित कर विवेचना प्रारंभ की।

**बकाया है स्कूल की फीस**-प्रकरण की विवेचना के दौरान यह पाया गया कि उक्त बालक 22 अक्टूबर को सुबह स्कूल गया था, लेकिन स्कूल प्रबंधन द्वारा बालक के परिजनों व्दारा बालक की शैक्षणिक सत्र 2024-2025 एवं उसके छोटे भाई की शैक्षणिक सत्र 2023-2024 एवं 2024-2025 की फीस जमा न करने से बालक को सुबह ही वापस घर भेज दिया गया था। स्कूल व्दारा वापस भेजे जाने पर बालक अपने घर तुरंत ही वापस आ गया था।

**मां व मामा ने रची साजिश**-लेकिन इसके बाद यहां से एक नई कहानी ने जन्म ले लिया। छात्र की मां ने अपने भाई को गांव से बुलाया और स्कूल प्रबंधन पर दबाव बनाने के उद्देश्य से छात्र को बस में बैठा कर उसके बुआ के घर बिछिया रीवा भेज दिया। छात्र जब बुआ के घर पहुंच गया तो उसकी मां और मामा ने ब्यौहारी थाने में पहुंचकर तय प्लान के मुताबिक छात्र के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करा दी। ब्यौहारी पुलिस ने अनुसंधान के दौरान यह भी पाया कि छात्र को घर से बिजली तिराहा छोड़ने मामा और मां को ले जाते अन्य साक्षी द्वारा देखा गया था। इस संबंध मे सीसीटीव्ही फुटेज भी पुलिस द्वारा प्राप्त किए गए।

**दो दिन रहा बुआ के घर**-जानकारी के अनुसार छात्र दो दिन तक बुआ के घर ही रुका रहा और तय प्लान के अनुसार 24 अक्टूबर को वह रीवा के बिछिया थाना पहुंचा और उसने पुलिस को बताया कि मुझे कोई पकड़कर लाया था। बिछिया थाना से ब्यौहारी पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर ब्यौहारी पुलिस ने छात्र को अपनी सुपुर्दगी में लेकर पूछताछ की तो अपहरण की साजिश का खुलासा हो गया। पुलिस ने जब छात्र के मां से पूछताछ की तो उसने भी उसके द्वारा स्कूल प्रबंधन द्वारा फीस के लिए दबाव बनाने से परेशान होकर सबक सिखाने के लिए बालक को उसके बुआ के घर रीवा भेजकर उसके गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराना बताया। इस प्रकार ब्यौहारी पुलिस ने कौवा कान ले गया की तर्ज पर फैली इस खबर का पटाक्षेप कर दिया।

इस महत्वपूर्ण घटना क्रम के खुलासे एवं बालक की दस्तयाबी में थाना ब्यौहारी के निरीक्षक अरूण पाण्डेय, एसआई मोहन पड़वार, एएसआई गया प्रसाद कन्नौजे, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक अमृत यादव, गंगासागर गुप्ता, संजय द्विवेदी, त्रिलोक सिंह, शत्रुघन सिंह सेंगर और महिला आरक्षक माधुरी साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**साजिश कर्ताओं पर भी होगी कार्यवाही**- वहीं इस पूरे घटनाक्रम के संबंध में पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि छात्र का अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि उसके परिजनों ने ही छात्र को अपने रिश्तेदार के घर रीवा भेज दिया था। उन्होंने बताया कि छात्र को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री प्रतीक ने यह भी बताया कि इस मामले में साजिश रचने वालों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### मानपुर में खाद्य पदार्थो की जांच

**उमरिया, देशबन्धु।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने दीपावली त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए उमरिया जिले में दैनिक खाद्य पदार्थ दूध, खोवा, घी, पनीर, मिठाईयां, खाद्य तेल, मिर्च, मसाले एवं अन्य विभिन्न खाद्य सामग्रियो की जांच, नापतौल मे गड़बड़ी तथा घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने वाले व्यक्ति, व्यापारियों, प्रतिष्ठानों, खाद्य कारोबारियों के विरूध्द जांच के लिए दल का गठन किया है। कलेक्टर के निर्देश के पालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा, नापतौल निरीक्षक अर्पित जैन ने मानपुर में किराना दुकानों एवं होटलों में खाद्य पदार्थो की जांच की एवं सैंपल एकत्र किए। जांच के दौरान शिव होटल, लकी होटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लकी होटल में साफ सफाई नहीं पाई गई तथा डी फ्रीजर बंद पाया गया। होटल संचालक को होटल मे साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए।

### बिजली गिरने से मौत पर आश्रित को मिलेंगे चार लाख रुपए

**उमरिया, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ रीता डेहरिया ने अमरून निशा, पति मोहम्मद कामिल, साकिन चंदनिया तहसील पाली को उनके पति की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से होने पर चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है ।

### कचरा एकत्र करने वाले छह वाहनों को रवाना किया

**उमरिया, देशबन्धु।** नगर परिषद नौरोजाबाद मे घरो से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को घर-घर एकत्र करने के लिए पूर्व सांसद ज्ञान सिंह ने कचरा एकत्र करने वाले 6 वाहनो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यरक्ष श्रीमती कुशल सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सिंह, बाबूलाल काका, मनीष सिंह, अशोक तिवारी, स्वच्छता प्रभारी कालीचरण महोबिया, प्रदीप सरवरी, हेमलता सहित नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। वाहनों के व्दारा नगर के प्रत्येक वार्डों एवं नगर के सभी प्रतिष्ठानों में कचरा वाहन के माध्यम से कचरा को डंपिंग यार्ड तक पहुंचाया जा सके , ताकि नगर में स्वच्छता स्टाफ व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जेल का निरीक्षण किया, बंदियों को विधिक सहायता की जानकारी दी

**उमरिया, देशबन्धु।** मुख्य न्यायिक अधिकारी वर्षा भाटी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अमित कुमार शर्मा व्दारा जेल का निरीक्षण कर बंदियों से उनके स्वास्थ्य एवं उपचार, भोजन, कपड़े, बिस्तर, अधिवक्ता तथा प्रकरण में पेशी दिनांक एवं जमानत संबंधी पूछताछ कर बंदियों को विधिक सहायता की जानकारी दी गई। किशोर न्यायाधीश उमरिया पल्लवी सिंह व्दारा 18 वर्ष से 22 वर्ष तक के 30 बंदियों के प्रकरण में बंदियों से पूछताछ कर उनकी उम्र के दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट प्रस्तुत करने के संबंध में अवगत कराकर उन्हें विधिक सहायता नियुक्त करने तथा उनके आपराधिक प्रकरण की जानकारी प्राप्त की।

### जिला योजना समिति की बैठक 8 को

**शहडोल, देशबन्धु।** जिला योजना अधिकारी ने समस्त कार्यालय प्रमुख जिला शहडोल को पत्र जारी किया है कि उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल की उपस्थिति में 8 नवंबर को जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की जाएगी? इस हेतु आपके विभाग के ऐसे महत्वपूर्ण विषय जो जिला योजना समिति की बैठक में चर्चा हेतु आवश्यक है कृपया उनकी जानकारी तीन दिवस के अंदर भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हें बैठक के झंडा में सम्मिलित किया जा सके।

### अधीक्षकों का किया जाएगा फेरबदल

**शहडोल, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने ए के सिन्हा ने विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सोहागपुर, बुढ़ार, गोहपारू एवं जयसिंहनगर को पत्र जारी किया है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास एवं आश्रमों में तीन वर्ष से पांच वर्ष तक कार्यरत छात्रावास अधीक्षकों के परिवर्तन व फेर-बदल किये जाने हेतु प्रस्ताव उलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जारी पत्र में कहा गया है कि परिवर्तन एवं फेर बदल हेतु एससी./एसटी. संवर्ग के इच्छुक शिक्षकों के नाम भी औचित्य के साथ प्रस्तावित करें।

### कैंपस में 35 प्रशिक्षणार्थियों का चयन

उमरिया, देशबन्धु। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि शासकीय आईटीआई उमरिया में एक दिवसीय कैंपस का आयोजन 24 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया । कैंपस में एनसी सप्लाई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी हिस्सा लिया। कैंपस ड्राइव में 40 प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 35 प्रशिक्षणार्थियों का अंतिम रूप से चयन हुआ है।

## प्रबंधन से गुहार, सत्र के बीच में न निकालें छात्र को स्कूल से

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** विटनरी अस्पताल ब्यौहारी के पास रहने वाले छात्र अंस चतुर्वेदी जो रीवा में पुलिस को मिला है उसको अब स्कूल प्रबंधन स्कूल से निकलने की तैयारी कर रहा है वही छात्र की मां आशा चतुर्वेदी ने मीडिया को बताया कि विद्यालय के प्रिंसिपल प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा यह कहा जा रहा है कि उसका छोटा भाई प्रियांशु चतुर्वेदी जिसकी फीस 1 साल 4 महीने की बाकी है वह झूठ है क्योंकि प्रियांशु चतुर्वेदी का ना तो आधार कार्ड है और ना ही समग्र आईडी तो बिना आधार और समग्र आईडी के जो एडमिशन की बात कह रहे हैं प्रिंसिपल वह सरासर झूठ है बोल रहे हैं वही हमारे संवाददाता ने जब विद्यालय के प्रिंसिपल प्रशांत श्रीवास्तव से पूछा कि किसी छात्र का क्या बिना समग्र आईडी और आधार के एडमिशन हो सकता है तो उन्होंने कहा कि हो सकता है लेकिन जब आदेश दिखाने के लिए बोला गया तो आदेश दिखाने से मुकर गए इस संबंध



में जानकारी के लिए ब्लॉक एजुकेशन ऑफीसर हीरालाल पेंड्रा से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने कहा कि अभी मैं मीटिंग में हूं बाद में बात करता हूं।

**छात्र का भविष्य होगा बर्बाद**-ड्रीम वैली स्कूल से यदि छात्र को बीच शिक्षा सत्र में निकाला जाता है तो उसका पूरा साल बर्बाद होगा और स्कूल प्रबंधन को किसी छात्र के भविष्य को बर्बाद करने का कोई अधिकार नहीं वही अंश चतुर्वेदी की मां ने कहा है कि जी मेरे छोटे भाई के एडमिशन की बात कर रहे हैं उसका कोई एडमिशन है ही नहीं ना ही उसका कोई फीस बाकी है ना ही मैं उसकी फीस दूंगी हां अंश चतुर्वेदी की चार महीने की फीस बाकी है उसकी मैं फीस दूंगी । पुलिस द्वारा अभिभावक और प्रचार्य की कथन लिए गए हैं पुलिस द्वारा भी छात्र के अभिभावकों को ही गलत ठहरने की कोशिश की जा रही। दूसरे पक्ष जी प्रियांशु की फीस बकाया की बात प्रबंध कर रहा है उसकी आधार और समग्र आईडी पुलिस क्यों नहीं देख रही है कि आपने बिना आधार कार्ड और बिना समग्र आईडी के कैसे एडमिशन कर लिया इस बात को पुलिस को अपने जांच में लेना चाहिए। किसी छात्र को भले तात्कालिक रूप से एडमिशन बिना समग्र आईडी और आधार कार्ड के दे दिया जाए लेकिन मैपिंग के लिए आधार कार्ड और समग्र आईडी होना जरूरी है तभी वैलिड एडमिशन हो सकता है।

## मॉकड्रिल कार्य का कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा




**शहडोल, देशबन्धु।** आपदाओं के बचाव हेतु बनारस की 11वीं बटालियन द्वारा आज जनपद पंचायत बुढार के जरवाही घाट में मॉकड्रिल की गई।

मॉकड्रिल का कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने जरवाही घाट पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान पानी का तेज बहाव के साथ ही स्ऑप डैम भी होने के कारण रेस्क्यू के दौरान संसाधनों का किस तरह से उपयोग, बाढ़ में फंसने के दौरान एवं नाव पलटने के दौरान लोगों की जान किस-किस तरह से बचाया जा सकता है रेस्क्यू कर बताया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, श्रीमती प्रगति वर्मा, श्रीमती अमृता गर्ग, जिला कमांडेंट अजय सिंह, रेस्क्यू टीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर लगाया जुर्माना

**शहडोल, देशबन्धु।** नगर पालिका शहडोल के स्वच्छता विभाग द्वारा अमानत पॉलिथीन का उपयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के निर्देशन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला के मार्गदर्शन में स्वच्छता अमले ने 25 अक्टूबर को पुराना बस स्टैंड और बुढार चौक स्थित पांच दुकानों में छापामार कार्यवाही कर 2.4 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन एवं प्लास्टिक का चम्मच जप्त किया है। इतना ही नहीं इन दुकानदारों पर 3 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इस कार्यवाही में नगर



पालिका के स्वच्छता प्रभारी मोतीलाल सिंह, स्वच्छता निरीक्षक अनिल महोबिया, स्वच्छता उप निरीक्षक महेश साहू, भूपेश कोहरे संतोष लखेरा एवं फायर टीम उपस्थित रही।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**चाकघाट, देशबन्धु।** प्रत्येक माह 24 तारीख को आयोजित किए जाने वाले स्वास्थ्य परीक्षण शिविर विगत 24 अक्टूबर 2024 को 12वीं बार चाकघाट व्यापार मंडल के तत्वावधान में संपन्न हुआ । इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 190 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिसमें 22 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए, जिन्हें ऑपरेशन हेतु सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के लिए रवाना कर दिया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला कार्य समिति के सदस्य श्री कौशलेश



तिवारी (तिवारी लाल), एडवोकेट कुंवर भारत सिंह भदौरिया, समाजसेवी हनुमान प्रसाद केसरवानी, मुन्नालाल केसरवानी उपस्थित रहे । परीक्षण हेतु उपलब्ध डॉक्टर सुमित हॉस्पिटल , श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट, नारायण डेंटल क्लिनिक सहित उनके सहकर्मी भी उपस्थित थे । इसके अलावा चाकघाट व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी व नगर के गणमान्यों की भी उपस्थित प्रमुख रही । उक्त आयोजन में सभी श्रेष्ठ जनों का आभार चाकघाट व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता (छोटू भाई) ने किया।

## पुलिस ने जुआरियों को धर दबोचा

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की अमलाई पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही कर पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शहडोल ने कुमार प्रतीक ने नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में अमलाई पुलिस को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बटुरा के पास कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर अमलाई पुलिस ने उक्त सूचना स्थान पर दबिश देकर धर्मेंद्र यादव एवं अन्य 04 नफर सभी निवासी के कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 8,250 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सउनि दीपक तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

## राजस्व न्यायालयों की निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे अधिकारी

**-सीएम हेल्पलाइन में राजस्व विभाग की रैंकिंग में सुधार**
**-राजस्व कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा**

**बालाघाट, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा गत दिवस गुरुवार को गूगल मीट के माध्यम से राजस्व कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने 3 माह से अधिक लंबित अविवादित नामान्तरण, बंटवारा, अतिक्रमण के लंबित प्रकरण, सीमांकन, स्वामित्व योजना, राजस्व वसूली,सीएम हेल्पलाईन तथा आरबीसी 6/4 के प्रकरणों की जानकारी ली गई। अविवादित नामान्तरण व बंटवारों के मामलें लालबर्रा व किरनापुर में अधिक लंबित पाये गए। इसके अलावा कलेक्टर श्री मीना ने परसवाड़ा अनुभाग में आने वाले राजस्व न्यायालयों में राजस्व प्रकरणों का निराकृत प्रतिशत कम होने पर सुधार लाने के निर्देश दिए गए। 3 माह से लंबित नामान्तरण में कुल 87 प्रकरण लंबित पाये गए।

राजस्व कार्यो की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों के न्यायालयों की निरीक्षण रिपोर्ट के सम्बंध में एसडीएम से जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए है कि न्यायालयों की निरीक्षण रिपोर्ट आवश्यक रूप से प्रस्तुत करेंगे। गूगल मीट के माध्यम से हुई इस बैठक में सभागृह में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री केसी ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कोल, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, तहसीलदार श्री भूपेंद्र अहिरवार, ग्रामीण तहसीलदार वंदना कुसराम, एसएलआर श्रीमती स्मिता देशमुख तथा गूगल मीट में अनुविभागीय कार्यालयों से एसडीएम व तहसीलदार मौजूद रहें।राजस्व विभाग प्रदेश में 8वें पायदान पर- बैठक में सीएम हेल्पलाईन पर राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की गई।

## मुर्गीपालन के क्षेत्र में स्वास्थ्य प्रशिक्षण पर कार्यशाला

**बालाघाट, देशबन्धु।** जिले में मुर्गी पालकों व पशु चिकित्सक अधिकारियों के लिए %एक स्वास्थ्य एक कल्याण अवधारणा पर गुरुवार को प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित कि गई। जिसमें जिले के 70 से अधिक मुर्गीपालक व पशुपालन विभाग के अधिकारी प्रतिभागी रहे। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डॉ देवज्योति चटर्जी द्वारा %एक स्वास्थ्य एक कल्याण% की अवधारणा के परिचय व महत्व को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तदनुसार एक स्वास्थ्य अवधारणा के तहत फार्म का प्रबंधन व जैव सुरक्षा विषय पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, के कुक्कुट विज्ञान विभाग प्रमुख डॉ. गिरराज गोयल ने विस्तृत जानकारी साझा की, एवं मुर्गीपालन से सहसंबंधी मानव स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों और समाधान पर नानाजी देशमुख विश्ववि?द्यालय के वेटरनरी पब्लिक हेल्थ विभाग के प्रमुख डॉ. रणविजय सिंह ने प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया। साथ ही मुर्गीपालन से सहसंबंधी पर्यावरण दिशा निर्देशों पर मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर संभाग से श्री अय्यीद परवेज ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने मुर्गीपालन क्षेत्र से जुड़ी पर्यावरण की चुनौतियां, पक्षियों के स्वास्थ्य, किसानों के स्वास्थ्य, बीमारियों की व्यापकता व रोकथाम, फार्म प्रबंधन, प्राकृतिक प्रक्रियाओं का मुर्गीपालन में समावेश, पर्यावरणीय परिपेक्ष्य, जनस्वास्थ्य परिपेक्ष्य आदि पर अपने प्रश्न व अनुभव साझा किये। कार्यशाला में विभिन्न हितधारकों को आपसी सूचना संचार, विचार विमर्श, परस्पर सहयोग एवं सहभागिता का एक साझा - सामूहिक मंच प्रदान किया।

## वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार की थीम पर मनाया राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

**बालाघाट, देशबन्धु।** आयुष विभाग प्रति वर्ष धन्वंतरि जयंती धनतेरस के शुभ दिवस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाता है। इस वर्ष 29 अक्टूबर को आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की थीम वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार रखी गई है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के पूर्व दिवसों में आयुष संचालनालय के निर्देशानुसार आयुष विभाग की समस्त संस्थाओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां, चिकित्सा शिविरों का आयोजन, आयुर्वेद नवाचार एवं उद्यमिता, आयुर्वेद और योग के माध्यम से कार्य स्थल पर तनाव प्रबंधन तथा एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत औषधि पौधारोपण, विद्यालयों में आयुर्वेद जागरूकता के लिये चित्र कला, निबंध प्रतियोगिता एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को ई-दक्ष केंद्र में जिला सत्र एवं न्यायाधीश बालाघाट के अधिकारियों एवं कर्मचारी के लिए योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ध्यान व योग के माध्यम से कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन एवं विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य समस्याओं जैसे सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, कमर दर्द, मानसिक तनाव, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप आदि के लिए आयुर्वेद और योग का महत्व बताया गया।